राशन दुकानों से 50 लाख गबन का मामला

जांच में सामने आई करीब 50 .45 लाख रुपए की अनियमितता, वर्तमान और पूर्व विक्रेताओं पर एफआईआर, पांच दुकानें निलंबित

नवभारत न्यूज

सागर 3 सितंबर. शहर की पांच शासकीय उचित मूल्य दुकानों की जांच में 6 लाख 72 हजार 792 किलो खाद्यान्न का हिसाब गड़बड़ पाया गया है. जांच में दर्ज खाद्यान्न की कीमत 50 लाख 45 हजार 273 रुपए 50 पैसे बताई गई है. मामला सामने आने के बाद कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देश पर पांचों उचित मूल्य दुकानों को निलंबित कर दिया. संबंधित विक्रेताओं के खिलाफ पुलिस थानों में एफआईआर भी दर्ज कराई गई है.

जानकारी के अनुसार मामले की शुरुआत हितग्राहियों की शिकायतों से हुई. राशन नहीं मिलने, वितरण में गड़बड़ी और उचित मूल्य दुकानों के संचालन को लेकर शिकायतें जनसुनवाई, सीएम हेल्पलाइन और समाचार पत्रों के माध्यम से प्रशासन तक पहुंच रही थीं. कलेक्टर ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए खाद्य विभाग को जांच के निर्देश दिए. इसके बाद सहायक आपूर्ति अधिकारी चारू जैन और प्रभारी सहायक आपूर्ति अधिकारी अभिषेक मोर ने संबंधित दुकानों की जांच की. जांच में स्टॉक संधारण में अनियमितता, दुकानों को समय पर नहीं खोलना, खाद्यान्न के उठाव और हितग्राहियों को किए गए वितरण में अंतर तथा दुकानों पर रिकॉर्ड के अनुसार खाद्यान्न का भौतिक रूप से उपलब्ध नहीं होना जैसी गंभीर अनियमितताएं सामने आईं.

जांच में सामने आए आंकड़ों के मुताबिक सुबेदार-01 उचित मूल्य दुकान में वर्तमान विक्रेता ध्रुव रजक के संबंध में 2,236 किलो खाद्यान्न का अंतर पाया गया. इसकी कीमत 1,45,680 रुपए बताई गई है. इसी दुकान के पूर्व विक्रेता अतुल तिवारी के कार्यकाल से संबंधित 5,60,012 किलो खाद्यान्न का अंतर दर्ज किया गया है, जिसकी कीमत 15,67,329 रुपए बताई गई है. शास्त्री वार्ड की उचित मूल्य दुकान में विक्रेता रमा पति अतुल तिवारी एवं सहायक विक्रेता अनुरोध पिता अतुल तिवारी के संबंध में 47,291 किलो खाद्यान्न का अंतर सामने आया है, इसकी कीमत 14,55,230 रुपए बताई गई है. गांधीचौक वार्ड की उचित मूल्य दुकान में वर्तमान विक्रेता अनुराग पिता स्व. मदनलाल सोनी के संबंध में 3,293 किलो खाद्यान्न का अंतर दर्ज हुआ है. इसकी कीमत 1,04,664 .50 रुपए बताई गई है. इसी दुकान के पूर्व विक्रेता अतुल तिवारी पिता स्व. चंद्रबिहारी तिवारी के संबंध में 24,054 किलो खाद्यान्न का अंतर सामने आया है, जिसकी कीमत 7,49,500 रुपए बताई गई है. रामपुरा वार्ड की उचित मूल्य दुकान में विक्रेता अतुल तिवारी के संबंध में 15,544 किलो खाद्यान्न का अंतर पाया गया है. इसकी कीमत 4,75,260 रुपए बताई गई है. शिवाजीनगर वार्ड की उचित मूल्य दुकान में विक्रेता दीपक पिता सीताराम श्रीवास्तव के संबंध में 20,362 किलो खाद्यान्न का अंतर दर्ज किया गया है. इसकी कीमत 6,47,610 रुपए बताई गई है. इन सभी आंकड़ों को जोड़ने पर कुल 6,72,792 किलो खाद्यान्न, यानी करीब 672 .8 मीट्रिक टन का अंतर सामने आता है. वहीं जांच में दर्ज सभी राशियों का कुल योग 50,45,273 .50 रुपए है. मामले का सबसे बड़ा हिस्सा सूबेदार दुकान से सामने आया है, जहां पूर्व विक्रेता के कार्यकाल से ही 5 .60 लाख किलो से अधिक खाद्यान्न का अंतर दर्ज किया गया है. इससे दुकान के प्रभार हस्तांतरण और स्टॉक सत्यापन की प्रक्रिया पर भी सवाल खड़े होते हैं. इसी तरह गांधीचौक की दुकान में भी पूर्व विक्रेता के कार्यकाल से संबंधित 24 हजार किलो से अधिक खाद्यान्न का अंतर दर्ज किया गया है. प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए पांचों उचित मूल्य दुकानों को निलंबित कर दिया है. हालांकि संबंधित हितग्राहियों को राशन वितरण में परेशानी न हो, इसके लिए निलंबित दुकानों को नजदीकी संस्थाओं से अस्थायी रूप से संबद्ध कर दिया गया है. जांच के आधार पर संबंधित विक्रेताओं के खिलाफ सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं नियंत्रण आदेश के प्रावधानों के साथ आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है. प्रशासन द्वारा जांच में सामने आए अपयोजित खाद्यान्न की राशि की वसूली की कार्रवाई भी की जा रही है.

पेंशन के लिए बैंक के चक्कर लगा रहा दिव्यांग

नवभारत न्यूज

गौरझामर 3 सितंबर. बैंकिंग व्यवस्था में तकनीकी गड़बड़ी और जिम्मेदारों की लापरवाही का खामियाजा एक दिव्यांग खाताधारक को पिछले कई वर्षों से भुगतना पड़ रहा है.

ग्राम गुगवारा निवासी अरहान पिता कदीर खान जो सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की गौरझामर शाखा से जुड़ा है, अपने बैंक खाते में मोबाइल नंबर सहित अन्य आवश्यक सुधार कराने के लिए करीब चार वर्षों से बैंक शाखा के चक्कर लगा रहा है. वर्ष 2022 में तत्कालीन शाखा प्रबंधक को लिखित रूप से समस्या की जानकारी दिए जाने के बावजूद वर्ष 2026 तक इसका समाधान नहीं हो सका है. जानकारी के अनुसार अरहान के आधार कार्ड में दर्ज मोबाइल नंबर बैंक खाते से संबंधित प्रक्रिया में परेशानी का कारण बना हुआ है. बताया जा रहा है कि आधार से जुड़ा मोबाइल नंबर उसी बैंक में किसी अन्य प्रदेश के दूसरे खाताधारक के खाते से लिंक है. स्थिति यह है कि दूसरे खाताधारक के खाते में होने वाले लेनदेन से संबंधित बैंकिंग संदेश भी उक्त मोबाइल नंबर पर प्राप्त हो रहे हैं. इससे अरहान के खाते की केवाईसी और ओटीपी आधारित बैंकिंग प्रक्रिया प्रभावित हो रही है. परिवार का कहना है कि समस्या के समाधान के लिए कई बार बैंक शाखा में संपर्क किया गया. वर्ष 2022 में तत्कालीन शाखा प्रबंधक को लिखित रूप से भी मामले की जानकारी दी गई थी, लेकिन चार वर्ष बीत जाने के बाद भी खाते से जुड़ी तकनीकी समस्या का समाधान नहीं हो सका. इस दौरान अरहान और उसके परिजन लगातार बैंक के चक्कर काटते रहे, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है. एक ओर दिव्यांग खाताधारक अपनी पेंशन प्राप्त करने के लिए आवश्यक केवाईसी पूरी नहीं कर पा रहा है, वहीं दूसरी ओर खाते में मोबाइल नंबर की गड़बड़ी के कारण ओटीपी आधारित प्रक्रिया भी बाधित है. मामले में बैंक प्रबंधन और संबंधित अधिकारियों से अपेक्षा है कि वे प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए खाते से जुड़े मोबाइल नंबर की स्थिति की जांच कर सुधार करें. दिव्यांग खाताधारक की स्थिति को देखते हुए केवाईसी की वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराकर लंबित पेंशन का भुगतान सुनिश्चित कराया जाए.

एक नजर में

सर्व समाज के कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि

बंडा. नेपाल में आई भीषण प्राकृतिक त्रासदी में असमय काल-कवलित हुए निर्दोष लोगों की आत्मशांति के लिए सर्व समाज ने पंचमुखी हनुमान मंदिर के सामने कैंडिल जलाई. कार्यक्रम में जाहर सिंह, श्रीकांत सराफ, वीरेंद्र सिंह, देव प्रशांत सिंह, उमेश पटारी, धर्मेंद्र परासिया, दीपक सरवरिया, अवधेश शर्मा, बाबूसिंह, रणबीर सिंह, मनोज राय, राजेश आठिया, कपिल यादव, देवकुमार यादव, मनोहर सिंह सहित ब्रह्मकुमारी संस्था बहने उपस्थित रहीं.

खेल प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरित

रहली. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की स्मृति में आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह आयोजित किया गया है. जिसमें राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजित विभिन्न खेल गतिविधियों और प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को इस समारोह में पुरस्कृत किया गया. अध्यक्षता प्राचार्य डॉ प्रवीण श्रीवास्तव, मुख्य अतिथि एसडीओपी प्रकाश मिश्रा, शशिकांत शर्मा, संचालन सहायक प्राध्यापक पीयूष जैन ने किया.

केंद्रीय जेल में मनाई गई बलराम जयंती

सागर. केन्द्रीय जेल में बलराम जयंती पर धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के अंतर्गत जगदीश तिवारी द्वारा भगवान बलराम के जीवन, चरित्र आदर्शों एवं उनके व्यक्तित्व से संबंधित प्रेरणादायी कथा का वाचन किया गया. बंदियों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण एवं भगवान बलराम की झांकी प्रस्तुत की गई. बंदियों की भजन मंडलियों द्वारा भगवान बलराम के जीवन एवं महिमा पर आधारित भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति दी.

पाठशाला के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

सागर. भारत वर्षीय श्रमण संस्कृति परीक्षा बोर्ड, सांगानेर जयपुर राजस्थान द्वारा आयोजित परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए. शास्त्री वार्ड में संचालित जैन बाल पाठशाला आचार्य श्री विद्या सागर संस्कारोदय के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा. परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए सभी उत्तीर्ण बच्चों के लिए सर्टिफिकेट वितरण किया गया. मुनिश्री शाश्वत सागर महाराज ने बच्चों के लिए अपने मंगल आशीर्वाद दिया.

एमबीए की शोधार्थी आकृति को पीएचडी

सागर. डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के व्यवसाय प्रबंधन विभाग की शोधार्थी आकृति श्रीवास्तव को पीएचडी की उपाधि प्राप्त हुई है. उनका शोध प्रबंध भारत में उच्च शिक्षा के कर्मचारियों के चयनित निवेश साधनों के प्रति निवेश व्यवहार का एक अध्ययन: मप्र के विशेष संदर्भ में विषय पर था. उन्होंने शोध कार्य विभाग की सहायक आचार्य बबीता यादव के मार्गदर्शन में पूर्ण किया. उनका यह अध्ययन भारत में उच्च शिक्षा के कर्मचारियों के चयनित निवेश साधनों के प्रति निवेश व्यवहार का विश्लेषण करता है.

प्रो. राजपूत कुलगुरु नियुक्त

नवभारत न्यूज

सागर 3 सितंबर. डॉ हरीसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत को जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर का कुलगुरु नियुक्त किया गया है.

मप्र राज्यपाल एवं कुलाधिपति मंगू भाई पटेल द्वारा मप्र विश्वविद्यालय अधिनियम के तहत विवि के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र एवं सामाजिक कार्य प्रो. राजूपत को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से चार वर्ष की कालावधि अथवा 70 वर्ष की आयू जो भी पूर्व उत्तर हो के लिए जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर का कुलगुरु नियुक्त किया गया है. प्रो. राजपूत विवि के अकादमिक अफेयर के चेयरमैन भी है. साथ ही देश के कुछ विश्वविद्यालयों में मनोनीत सदस्य भी है. मप्र उच्च शिक्षा विभाग केंद्रीय अध्ययन मंडल समाज शास्त्र में भी प्रो. राजपूत को सदस्य मनोनीत किया गया था. कुछ माह पूर्व ही पूर्वांचल विश्वविद्यालय में अध्ययन परिषद सदस्य मनोनीत किए गए.

सागर की जीवनदायिनी राजघाट बांध का जलस्तर बढ़ा

सागर. सागर की जीवनदायिनी सागर जल आवर्धन परियोजना राजघाट बांध का जलस्तर बढ़ने लगा है. बीती रात हुई लगभग 3 इंच बारिश के बाद बांध में पानी का भराव दिखने लगा है. इस वर्ष जून-जुलाई में कम बारिश के कारण बांध में जलभराव सितंबर में हो पा रहा है.

लोक अदालत 12 को

खुरई. जनता की समस्याओं के समाधान हेतु 12 सितंबर को न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन सुबह 10 बजे से 5 बजे तक किया जा रहा है. संबंधित नागरिक अपने जलकर एवं संपत्ति कर से संबंधित बकाया राशि का निराकरण करवा सकते हैं तथा अधिभार में नियमानुसार 100% तक की छूट प्राप्त कर सकते हैं। कर संबंधी बकाया राशि का निराकरण किया जाएगा. शासन के नियमानुसार अधिभार में छूट का लाभ उठाएं, नेशनल लोक अदालत में उपस्थित होकर इस सुनहरे अवसर का लाभ लें.

आईटीआई के जर्जर भवन में बनेगा ऑडिटोरियम

नवभारत न्यूज

सागर 3 सितंबर. खुरई रोड पर आदिम जाती अनुसूचित जाती एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग अंतर्गत बंद पड़े शासकीय प्रशिक्षण सह उत्पादन केंद्र के जर्जर भवन के स्थान पर ऑडीटोरियम बनाये जाने हेतु जर्जर भवन गिराने का कार्य निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों की उपस्थिति में प्रारंभ कराया.

श्री खत्री ने तहसीलदार संदीप तिवारी,नायब तहसीलदार राजेश कोष्टी, आदिम जाति कल्याण विभाग से विनोद भोसले,

उपायुक्त एस एस बघेल, निगम इंजी. आयुश शुक्ला सहित अन्य के साथ खुरई रोड पर बने शासकीय प्रशिक्षण सह उत्पादन केंद्र के पुराने जर्जर भवन पर पहुंचकर निरीक्षण किया और टीन शेड जर्जर भवन को गिरवाने हेतु वर्षों से बंद पड़े ताले खुलवाएँ. खुरई रोड मुख्यमार्ग से लगे हुए उक्त संस्थान के लगभग 36 मीटर× 86 मीटर के कुल क्षेत्रफल पर 8 करोड़ रुपयों की लागत से 300 सीटों की क्षमता वाली बैठक व्यवस्था के साथ अत्याधुनिक ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य कराया जायेगा.

नीट में भविष्य चयनित

शाहगढ़. शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के

छात्र भविष्य जैन पिता जिनेश कुमार जैन ने 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण की थी. भविष्य ने बिना कोचिंग के नीट 2026 की परीक्षा निकाली है. भविष्य का विदिशा के कॉलेज में एमबीबीएस में दाखिला मिला है. साधारण परिवार से आते भविष्य की पारिवारिक स्थिति बहुत मजबूत न रहते हुए भी कड़ी मेहनत और लगन से उन्होंने नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर शाहगढ़ क्षेत्र का नाम रोशन किया गया है.

जन्माष्टमी पर कार्यक्रम संपन्न

नवभारत न्यूज

ललितपुर 3 सितंबर. प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय वरदानी भवन में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर कार्यक्रम आयोजित हुआ.

मुख्य अतिथि सदर विधायक रामरतन कुशवाहा जेल अधीक्षक प्रशांत उपाध्याय और अमर सिंह गौर ने श्रीकृष्ण जी की आरती की. बीके चित्ररेखा दीदी ने कहा कि परमात्म-ज्ञान का प्रकाश ही मनुष्य को सच्ची स्वतंत्रता और शांति की ओर ले जाता है. संचालन बीके मायारानी दीदी ने किया. नन्हे कलाकारों की मासूम अदाओं और सुंदर प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया. उनके मंचन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा.

सही पोषण से खिलेगा बचपन

नवभारत न्यूज

सागर 3 सितंबर. राष्ट्रीय पोषण सप्ताह पर आईएमए एवं फोगसी के तत्वावधान में आयुष्मान आरोग्य मंदिर, तालचिरी में पोषण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया.

कार्यक्रम में संतुलित आहार तथा स्वस्थ जीवनशैली के महत्व के बारे में जानकारी दी गई. आईएमए अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद ने कहा कि पोषण का मतलब केवल पेट भरना नहीं, बल्कि शरीर को सही मात्रा में सभी जरूरी पोषक तत्व देना है. फोगसी अध्यक्ष डॉ. ज्योति चौहान ने कहा कि गर्भावस्था और स्तनपान के दौरान महिलाओं की पोषण संबंधी जरूरतें बढ़ जाती हैं. फोगसी सचिव डॉ शिविका यादव ने बताया कि स्वस्थ रहने के लिए महंगे या विदेशी खाद्य पदार्थ जरूरी नहीं हैं. स्थानीय, मौसमी और पारंपरिक खाद्य पदार्थ भी पोषण के अच्छे स्रोत हैं. कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी प्रीति प्रजापति, एएनएम द्रोपती प्रजापति और कमलेश रानी, पिरामल स्वास्थ्य से आयुषी शुक्ला तथा नागरिकों का सहयोग एवं सहभागिता रही.

67 किमी बनेगा फोरलेन

बीना. विधानसभा क्षेत्र को सड़क कनेक्टिविटी के लिहाज से बड़ी सौगात मिलने जा रही है. मेलुहा-बीना-खिमलासा से मालथोन तक स्टेट हाईवे 61 के 67.116 किमी मार्ग को 2.776 करोड़ रुपए की लागत से फोरलेन मय शोल्डर बनाया जाएगा. सड़क का रोड कॉरिडोर करीब 60 मीटर चौड़ा होगा. फोरलेन बनने से बीना विधानसभा के अलावा कुरवाई और खुरई विधानसभा को लाभ मिलेगा. इस परियोजना को बीना विधायक निर्मला सप्रे की पहल से जोड़कर देखा जा रहा है. विधायक ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर मेलुहा चौराहा से मालथोन तक सड़क को फोरलेन करने की मांग उठाई थी. उन्होंने क्षेत्र में बढ़ रही औद्योगिक गतिविधियों और भारी वाहनों के बढ़ने का हवाला देते हुए सड़क जरूरत बताई थी.

रक्षासूत्र के माध्यम से प्रकृति संरक्षण का संदेश

नवभारत न्यूज

सागर 3 सितंबर. शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय में नृत्य एवं संगीत विभाग के तत्वाधान में रक्षाबंधन, बलराम जयंती एवं कृष्ण जन्माष्टमी पर कार्यक्रमों का आयोजन किया.

शुभारंभ करते हुए संस्था प्रमुख डॉ आनंद तिवारी ने छात्राओं को भारतीय संस्कृति, लोक परंपराओं तथा पारिवारिक एवं सामाजिक मूल्यों से परिचित कराया गया. महाविद्यालय में रक्षाबंधन के अवसर पर रक्षा सूत्र के महत्व एवं भारतीय संस्कृति में भाई-बहन के पवित्र संबंध पर चर्चा की गई. छात्राओं द्वारा जीवन में प्रकृति के महत्व को समझते हुए पेड़ पौधों को रक्षा सूत्र बांधकर पारस्परिक स्नेह, सहयोग एवं संरक्षण की भावना का संदेश दिया गया.

युवा उत्सव प्रभारी डॉ. अंजना चतुर्वेदी ने बलराम जयंती के अवसर पर भगवान बलराम के व्यक्तित्व,शौर्य, पराक्रम एवं कृषि संस्कृति से उनके संबंध पर विचार प्रस्तुत किया. छात्राओं ने श्री कृष्ण एवं बलराम के जीवन से संबंधित प्रसंगों का वाचन किया. श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर नृत्य विभाग की छात्राओं द्वारा भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं पर आधारित नृत्य नाटिका एवं मीराबाई के पदों पर आधारित नृत्य प्रस्तुति दी गई. संगीत विभाग की छात्राओं द्वारा सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी गई. कार्यक्रम का संचालन डॉ.अपर्णा चाचोंदिया द्वारा किया गया एवं आभार डॉ. प्रेम चतुर्वेदी ने माना. इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय परिवार एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं.

महिलाओं ने संतान की दीर्घायु के लिए रखा व्रत

नवभारत न्यूज

राहतगढ़ 3 सितंबर. संतान की दीर्घायु अच्छे स्वास्थ्य एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना को लेकर महिलाओं ने हरछठ का व्रत आस्था के साथ रखा.

भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाया जाने वाला यह पर्व भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई भगवान बलराम को समर्पित है. इस अवसर पर माताओं ने संतान की सुख-समृद्धि और लंबी आयु के लिए निर्जला व्रत रखा तथा विधि-विधान से पूजा-अर्चना की. महिलाओं ने भगवान बलराम एवं माता षष्ठी की पूजा की, व्रत कथा का श्रवण किया.

धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन माताएं कठिन व्रत रखकर अपनी संतान के लिए मंगलकामना करती हैं. पुराणिक कथा के अनुसार एक गांव मे एक ग्वालिन प्रसव पीड़ा के बावजूद दूध-दही बेचने के लिए निकल पड़ी. रास्ते में उसने एक झाड़ी की ओट में एक पुत्र को जन्म दिया और नवजात को वहीं छोड़कर दूध-दही बेचने चली गई. कथा के अनुसार उस दिन हल षष्ठी का पर्व था और ग्वालिन ने गाय-भैंस का दूध मिलाकर ग्रामीणों को धोखे से दूध बेच दिया. इसी दौरान खेत में हल चला रहे किसान के बिदके बैलों का हल झरबेरी के पास छोड़े गए उसके पुत्र को लग गया, जिससे बालक की मृत्यु हो गई. दूध बेचकर लौटने पर ग्वालिन ने जब अपने पुत्र को मृत देखा तो उसे अपनी गलती का एहसास हुआ.

सेवानिवृत्त शिक्षक पं. महादेव प्रसाद मिश्रा के निधन पर परशुराम सेना ने जताया शोक

ललितपुर. परशुराम सेना महरौनी के तत्वावधान में सेवानिवृत्त शिक्षक महादेव प्रसाद मिश्रा के निधन पर शोकसभा का आयोजन किया गया. अध्यक्षता जगदीश पुरोहित ने की. शोकसभा में वक्ताओं ने पं. मश्रा के निधन को समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए उनके व्यक्तित्व एवं सामाजिक योगदान को याद किया.

कार्यालय नगर पालिका परिषद खुरई, जिला सागर (म.प्र.)

क्र./लो.नि.शा./निविदा/2026/677 :: निविदा आमंत्रण सूचना :: खुरई दिनांक:01.09.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेंडर क्र./जारी दिनांक	कार्य का नाम एवं स्थान	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी.	निविदा की अंतिम तिथि
1.	2026_UAD_533288_1 02.09.2026	नेताजी सुभाषचंद बोस वार्ड में नवीन बस स्टैंड के पास प्रथम तल पर 32 दुकानों का निर्माण कार्य	06 माह 58,43,345/-	10,000/- 44,000/-	01.10.2026

नोटः निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in वेवसाइट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

अध्यक्ष नगर पालिका परिषद खुरई

मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद खुरई